दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

नकली नारियल तेल बनाने और रिफिलिंग करने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार / नकली नारियल तेल बनाने और रिफिलिंग करने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

नकली नारियल तेल बनाने और रिफिलिंग करने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

Feb 18, 2018, 07:17 PM IST

पाकुड़(झारखंड)। हिरणपुर थाना क्षेत्र के हाथकाठी में नकली निहार कंपनी का नारियल तेल बनाने व रिफिलिंग कराने का भंडाफोड़ हुआ है। मैरिको इंडिया कंपनी के ब्लैक कैट डिटेक्टिव टीम व हिरणपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर निहार नेचुरल नारियल तेल बनाने व उसकी रिफिलिंग करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही मौके से 100 मिली लीटर का 40 भरा हुआ व 650 पीस खाली बोतल तथा 50 मिली लीटर का 60 भरा हुआ डिब्बा भी जब्त किया गया है।

हिरणपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हाथकाठी गांव में अभय कुमार मंडल के घर व दुकान में छापेमारी की गई। जहां भारी मात्रा में निहार नेचुरल नारियल तेल बनाने और उसे रिफिलिंग करने का सामान जब्त किया गया। इस बाबत मैरिको इंडिया लिमिटेड कंपनी के ब्लैक कैट डिटेक्टिव के निजी जांचकर्ता श्यामल साहा के लिखित शिकायत पर आरोपी अभय कुमार मंडल के विरुद्ध भादवि की धारा 420 व 63/65 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत कांड संख्या 17/18 दर्ज कर लिया गया है।

Source: https://www.bhaskar.com/news/c-181-LCL-factory-busted-for-making-and-refilling-coconut-oil-one-arrested-NOR.html